आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार
दिनांकः 13.01.2025   समय : 18.30 पीएम

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल मिशन मौसम की शुरुआत करेंगे–मौसम और जलवायु के प्रति देश को स्मार्ट बनाने के लिए ये पहल की जा रही है।
- उपमुख्यमंत्री और पर्यटन मंत्री दिया कुमारी ने कहा–प्रदेश के दूर–दराज़ के क्षेत्रों को भी पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के प्रयास किये जाएंगे।
- राज्य में कल से पशु कल्याण पखवाड़ा मनाया जाएगा। पशुओं के प्रति दया और प्रेम जागृत करने के लिए विभिन्न आयोजन होंगे।
- प्रदेशभर में आज लोहड़ी पर्व की धूम–मकर संक्रांति पर होने वाली पतंगबाज़ी के मद्देनजर राज्यपाल और मुख्यमंत्री की चाइनीज मांझे का प्रयोग नहीं करने की अपील।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल मिशन मौसम की शुरुआत करेंगे। मौसम और जलवायु के प्रति देश को स्मार्ट बनाने के लिए ये मिशन शुरू किया जा रहा है। इसका उद्देश्य आधुनिक मौसम निगरानी तकनीक और प्रणाली विकसित कर, रडार और उपग्रहों के माध्यम से बेहतर पूर्वानुमान करना है। श्री मोदी नई दिल्ली में मौसम विभाग के 150वें स्थापना दिवस समारोह में इसे लॉन्च करेंगे। श्री मोदी, मौसम और जलवायु परिवर्तन अनुकूलन के लिए विभाग के विज़न–2047 को भी जारी करेंगे।
इससे पहले, प्रधानमंत्री ने आज कश्मीर की सोनमर्ग सुरंग का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए टूरिजम सेक्टर का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि पर्यटन क्षेत्र के लिए बेहतर कनेक्टिविटी आवश्यक है।

000

केंद्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा है कि महाकुंभ आध्यात्मिक समागम के साथ ही वैश्विक पर्यटन के लिए भी एक ऐतिहासिक आयोजन है। आकाशवाणी समाचार से विशेष बातचीत में उन्होंने कहा कि इस महत्वपूर्ण अवसर पर पर्यटन मंत्रालय ने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई पहल की हैं। श्री शेखावत ने कहा कि देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और कुंभ मेले का महत्व दर्शाने वाला अतुल्य भारत मंडप कुंभ में आने वालों को एक अनूठा अनुभव दे रहा है।

000

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा है कि प्रदेश के दूर दराज़ के क्षेत्रों को भी लोकप्रिय पर्यटन स्थल बनाने के प्रयास किये जाएंगे। साथ ही पर्यटकों को अधिक सुविधाएं दी जाएंगी। उपमुख्यमंत्री और पर्यटन मंत्री दिया कुमारी पर्यटन विभाग की ओर से टूर ऑपरेटरों होटल मालिकों और पर्यटक गाइड के लिए आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला के उद्घाटन अवसर पर बोल रही थीं। उन्होंने कहा कि राजस्थान आने वाले पर्यटकों को अनूठा और यादगार अनुभव देने के लिए और बेहतर काम किया जाएगा। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि पर्यटन क्षेत्र में कौशल विकास और क्षमता संवर्धन की प्रक्रिया लगातार चलनी चाहिए।

000

वित्त मंत्रालय ने 15 जनवरी को बैंक प्रमुखों की बैठक बुलाई है। नई दिल्ली में होने वाली इस बैठक में जन सुरक्षा और मुद्रा योजना की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। ये बैठक वित्तीय सेवा सचिव एम. नागराजू की अध्यक्षता में होगी। इसमें पीएम स्वनिधि योजना सहित वित्तीय समावेशन की अन्य याजनाओं की प्रगति पर भी चर्चा की जाएगी।

000

केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री राजभूषण चौधरी आज धौलपुर आए। उन्होंने मेडिकल कॉलेज और जिला अस्पताल का निरीक्षण किया। श्री चौधरी ने अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। इस दौरान उन्होंने मरीजों से बातचीत भी की। केन्द्रीय मंत्री कल धौलपुर में जनसुनवाई करेंगे।

000

प्रदेश में कल से पशु कल्याण पखवाड़ा मनाया जाएगा। पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने बताया कि 30 जनवरी तक चलने वाले इस पखवाड़े के दौरान विभिन्न गतिविधियां होंगी। श्री कुमावत ने बताया कि

प्रदेशभर में बांझपन निवारण और शल्य चिकित्सा शिविरों का आयोजन कर ज्यादा से ज्यादा संख्या में पशुओं को लाभान्वित किया जायेगा। इसके अलावा संगोष्ठियां आयोजित कर पशुओं में होने वाले विभिन्न रोगों की जानकारी दी जाएगी। पशु क्रूरता निवारण के उपायों, उचित पशु प्रबन्धन के बारे में भी पशुपालकों को बताया जाएगा। उन्होंने बताया कि पखवाड़े के दौरान विभिन्न शिक्षण संस्थाओं में जीव जन्तुओं के प्रति दया और प्रेमभाव जागृत करने के लिए काम होंगे। पशु कल्याण विषय पर विभिन्न प्रतियोगिताएं रखी जाएंगी।

000

भीलवाड़ा में चल रहे हरित संगम मेले में आज चेतना यात्रा निकाली गई। उद्योग राज्यमंत्री के.के. बिश्नोई ने इसे हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। चेतना यात्रा के माध्यम से जीव दया, पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता का संदेश दिया गया। पत्रकारों से बातचीत में श्री बिश्नोई ने कहा कि इस तरह के आयोजन जनजागरण के लिए जरूरी हैं।

000

लोहड़ी का पर्व उत्साह और उमंग के साथ मनाया जा रहा है। नई फसल की कटाई के उपलक्ष में ये पर्व मनाया जाता है। एक रिपोर्ट –

000

मकर संक्रांति का पर्व कल मनाया जाएगा। इस अवसर पर श्रद्धालु सरोवर और जलाशयों में पवित्र स्नान कर दान पुण्य करते हैं। मलमास समाप्त होने पर कल से मांगलिक कार्यों की भी शुरूआत हो जाएगी। मकर संक्रांति से पहले आज बाजारों में रौनक देखी जा रही है। तिल, फीणी गजक की अच्छी बिक्री हो रही है। वहीं रंग बिरंगी पतंगों और चरखियों से भी बाजार सजे हुए हैं। बच्चों में कार्टून वाली पतंगों की मांग सबसे ज्यादा है।

पर्यटन विभाग की ओर से जयपुर में जलमहल की पाल पर कल पतंग उत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर देशी–विदेशी सैलानियों और आम लोगों के लिए कई कार्यक्रम होंगे और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी रखी गई हैं।

000

जयपुर में पतंगबाजी से घायल पक्षियों के उपचार के लिए सभी पशु चिकित्सा पॉलीक्लिनिक खुले रहेंगे। पशुपालन विभाग के शासन सचिव डॉ समित शर्मा ने बताया कि ये चिकित्सालय बीस जनवरी तक सुबह आठ बजे से रात आठ बजे तक खुले रहेंगे। इस दौरान अधिकारियों और कर्मचारियों को अवकाश नहीं दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि घायल पक्षियों का मौके पर पहुंचकर इलाज करने के लिए मोबाइल यूनिट भी गठित की गई है। राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने लोगों से पतंगबाजी के दौरान चाइनीज और सिंथेटिक मांझे का उपयोग नहीं करने की अपील की है।

000

प्रदेश में अगले दो–तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री की गिरावट हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार बीकानेर, जयपुर, भरतपुर अजमेर और कोटा संभाग में 15 और 16 जनवरी को कहीं–कहीं हल्की बारिश की संभावना है। इस दौरान कुछ स्थानों पर ओले भी गिर सकते हैं।

इस बीच, राज्य के पूर्वी हिस्से में आज बूंदा–बांदी हुई। वहीं सवाईमाधोपुर और चित्तौडगढ सहित कुछ स्थानों पर घना कोहरा छाया रहा। सिरोही में शीतलहर का असर रहा। वहां न्यूनतम तापमान 4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। चित्तौडगढ और बाडमेर में सर्द हवाओं ने ठिठुरन और गलन का अहसास बढा दिया। चित्तौडगढ के बेगू में हल्की बारिश के समाचार हैं।

विभाग ने कड़ाके की सर्दी को देखते हुए बच्चों और बुजुर्गों को अतिरिक्त सावधानी बरतने की सलाह दी है। इसके साथ ही पशुपालकों से पशुओं को पोषक आहार देने को कहा गया है।

000

पूर्व सैनिक दिवस कल मनाया जाएगा। पूर्व सैनिकों के समर्पण, बलिदान और निस्वार्थ सेवा का सम्मान करने के लिए ये दिन मनाया जाता है। इस अवसर पर सप्त शक्ति कमांड की ओर से जयपुर मिलिट्री स्टेशन में समारोह रखा गया है। रक्षा प्रवक्ता कर्नल अमिताभ शर्मा ने बताया कि इसमें राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े का पूर्व सैनिकों को सम्मानित करने का कार्यक्रम है।

पूर्व सैनिक दिवस के अवसर पर कल आकाशवाणी समाचार जयपुर की ओर से विशेष कार्यक्रम प्रसारित किया जाएगा। 15 मिनिट के इस कार्यक्रम को शाम 6 बजकर 5 मिनिट पर सुना जा सकता है।

000

पाली जिले के ढाबर गांव के किसान प्रभुदयाल जांगीड़ ने अपने खेत पर सोलर प्लांट लगाया है। प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा उत्थान महाअभियान के तहत लगाए गए इस सौर ऊर्जा संयंत्र से दस गांव विद्युत आत्मनिर्भर बन गए हैं। श्री जांगीड़ अन्य किसानों को भी सोलर प्लांट लगाने के लिए भी प्रेरित कर रहे हैं।

...............